# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल की 58वीं बैठक, दिनांक 11.12.2025

### कार्यवृत्त

प्रबन्ध–मण्डल की 58वीं बैठक दिनांक 11.12.2025 को अपरान्ह 12:15 बजे विश्वविद्यालय के सरस्वती भवन स्थित बैठक हॉल में माननीय कुलगुरु महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें निम्नांकित की सहभागिता रही :–

| | | |
|---|---|---|
| | **प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत**<br>माननीय कुलगुरु महोदय,<br>कोटा विश्वविद्यालय, कोटा | अध्यक्ष |
| 2. | **संभागीय आयुक्त, कोटा (online)**<br>वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के नामित सदस्य के प्रतिनिधि | सदस्य |
| 3. | **डॉ. विमला डूंकवाल**<br>कुलाधिपति द्वारा नाम निर्देशित सदस्य | सदस्य |
| 4. | **प्रो. एन. सी. गौतम (online)**<br>कुलाधिपति द्वारा नाम निर्देशित सदस्य | सदस्य |
| 5. | **श्रीमती कल्पना देवी**<br>माननीय विद्यायक, लाडपुरा,<br>राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य | सदस्य |
| 6. | **डॉ. मुरलीधर शर्मा**<br>राज0 सरकार के द्वारा नामित सदस्य | सदस्य |
| 7. | **डॉ. संतोष आनन्द**<br>राज0 सरकार के द्वारा नामित सदस्य | सदस्य |
| 8. | **डॉ. श्वेता सक्सेना**<br>राज0 सरकार के द्वारा नामित सदस्य | सदस्य |
| 9. | **डॉ. मुकेश कुमार शर्मा (online)**<br>नामित सदस्य,<br>प्रमुख शासन सचिव,<br>उच्च शिक्षा विभाग (ग्रुप–4), राजस्थान सरकार, जयपुर | सदस्य |



21/12/1L

10. **प्रो० प्रतिमा श्रीवास्तव (online)** — सदस्य
माननीय कुलगुरु द्वारा नामित अधिष्ठाता

11. **प्रो. अनिता सुखवाल** — सदस्य
माननीय कुलगुरु द्वारा नामित अधिष्ठाता

12. **प्रो. रीना दाधीच** — सदस्य
माननीय कुलगुरु द्वारा नामित आचार्य

13. **प्रो० एन.एल. हेडा** — सदस्य
माननीय कुलगुरु द्वारा नामित आचार्य

14. **प्रो. अनुकृति शर्मा** — सदस्य
विश्वविद्यालय अध्यापक–निर्वाचित सदस्य

15. **डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा** — सदस्य
विश्वविद्यालय अध्यापक–निर्वाचित सदस्य

16. **श्री राजपाल सिंह** — सदस्य सचिव
कुलसचिव

आयुक्त, महाविद्यालय शिक्षा, राजस्थान, जयपुर बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलगुरु एवं सदस्य सचिव द्वारा सभी सम्मानीय सदस्यों का स्वागत व अभिनंदन किया गया।

प्रबन्ध–मण्डल की बैठक में विचारणीय बिन्दुओं पर बिन्दुवार चर्चा कर निम्नानुसार निर्णय पारित किये गये :–

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या–01 | : | **प्रबन्ध मण्डल की 55वीं, 56वीं व 57वीं बैठक दिनांक 21.05.2025, 15.09.2025 व 21.09.2025 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | प्रबन्ध मण्डल की 55वीं, 56वीं व 57वीं बैठक दिनांक 21.05.2025, 15.09.2025 व 21.09.2025 के कार्यवाही विवरण को अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या–02 | : | **प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 21.05.2025, 15.09.2025 व 21.09.2025 में लिये गये निर्णयों के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन अनुमोदित करना।** |
| निर्णय | : | प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 21.05.2025, 15.09.2025 व 21.09.2025 में लिये गये निर्णयों के संबंध मे की गई कार्यवाही के प्रतिवेदनो को अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या–03 | : | **विद्या परिषद की बैठक दिनांक 28.11.2025 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | विद्या परिषद की बैठक दिनांक 28.11.2025 के कार्यवाही विवरण को अनुमोदित किया गया। |



21/12

| | | |
|---|---|---|
| **मद संख्या–04** | : | **विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का नाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रखने के प्रस्तावों का अनुमोदन करना।** |
| **निर्णय** | : | विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का नाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रखने के प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। |
| **मद संख्या–05** | : | **कोटा विश्वविद्यालय में संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के द्वारा बनाये गये प्रावधान एवं गतिविधियों का विवरण प्रबन्ध मण्डल के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।** |
| **निर्णय** | : | कोटा विश्वविद्यालय में संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के द्वारा बनाये गये प्रावधान एवं गतिविधियों के विवरण को अनुमोदित किया गया। विश्वविद्यालय में स्थापित समस्त शोधपीठो की गतिविधियों की रिपोर्ट आगामी प्रबन्ध मण्डल में रखे जाने की अनुशंषा की गई। |
| **मद संख्या–06** | : | **निरीक्षण मण्डल (Board of Inspection) की दिनांक 25.09.24, 21.01.2025, 22.05.2025, 25.06.2025, व 13.08.2025 को आयोजित हुई बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| **निर्णय** | : | निरीक्षण मण्डल (Board of Inspection) की दिनांक 25.09.24, 21.01.2025, 22.05.2025, 25.06.2025, व 13.08.2025 को आयोजित हुई बैठक के कार्यवाही विवरण को अनुमोदित किया गया। |
| **मद संख्या–07** | : | **विश्वविद्यालय कार्मिकों को दिए जा रहे भवन निर्माण अग्रिम एवं वाहन क्रय अग्रिम में संशोधन/बदलाव व पुराने वाहनों को क्रय किए जाने के प्रावधान शामिल करने संबंधी प्रस्तावों का अनुमोदन करना।** |
| **निर्णय** | : | विश्वविद्यालय कार्मिकों को दिए जा रहे भवन निर्माण अग्रिम एवं वाहन क्रय अग्रिम में संशोधन/बदलाव व पुराने वाहनों को क्रय किए जाने के प्रावधान शामिल करने संबंधी प्रस्तावों को विश्वविद्यालय की वित्त समिति में रखा जाये तथा वित्त समिति की अनुशंषाओं को आगामी प्रबन्ध मण्डल की बैठक में रखे जाने की अनुशंषा की गई। |
| **मद संख्या–08** | : | **प्रबंध मण्डल की 52वीं बैठक (विशेष) दिनांक 14.12.2024 के टेबल एजेण्डा मद सं. 1 में लिये गये निर्णय की अनुपालना में विश्वविद्यालय की व्यवस्था व शैक्षणिक–प्रशासनिक स्तर पर सुधार की आवश्यकता के दृष्टिगत विश्वविद्यालय कार्यालय आदेश क्रं. 10554–571 दिनांक 28.03.2025 द्वारा एक Review Committee का गठन किया गया था। उक्त Committee की बैठक दिनांक 26.04.2025 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करना।** |
| **निर्णय** | : | विश्वविद्यालय की व्यवस्था व शैक्षणिक–प्रशासनिक स्तर पर सुधार हेतु विश्वविद्यालय में राजकाज तथा e-filing व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया। |

21/11/L

| | | |
|---|---|---|
| मद संख्या–09 | : | **प्रो0 आशुरानी, आचार्य (केमेस्ट्री) कोटा विश्वविद्यालय कोटा को डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा में कुलपति पद पर पुनः नियुक्त किये जाने के कारण अवकाश स्वीकृत करने हेतु प्रस्ताव** |
| निर्णय | : | प्रो0 आशुरानी, आचार्य (केमेस्ट्री) कोटा विश्वविद्यालय कोटा को डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा में कुलपति पद पर पुनः नियुक्त किये जाने के कारण महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के इस विश्वविद्यालय में प्रचलित अवकाश नियमों के नियम 31(i)(a) के अन्तर्गत, विशेष प्रकृति का प्रकरण मानते हुए, दिनांक 01.10.2025 से 31.05.2027 तक की अवधि (अधिवार्षिकी आयु प्राप्ति के फलस्वरूप दिनांक 31.05.2027 को इस विश्वविद्यालय से सेवानिवृति के कारण) के लिए अवैतनिक अवकाश (Leave Without Pay) भूतलक्षित प्रभाव से स्वीकृत करने सम्बन्धी प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। |
| मद संख्या–10 | : | **कोटा विश्वविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडे शोधपीठ की स्थापना किए जाने संबंधी प्रस्तावों का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | कोटा विश्वविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडे शोधपीठ की स्थापना किए जाने संबंधी प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। |
| मद संख्या–11 | : | **विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 21.08.2024 को सम्पन्न हुई बैठक में मद संख्या 9 में लिए गये निर्णय की अनुपालना में माननीय कुलगुरू महोदय के आदेशानुसार निम्नांकित मासिक पारिश्रमिक पर कार्यरत व्यक्तियों की कार्य अवधि में दिनांक 01.07.2025 से आगामी 01 वर्ष के लिए अभिवृद्धि की गयी है।**<br>**निर्देशानुसार इस बाबत् जारी कार्यालय आदेश माननीय प्रबन्ध मण्डल के समक्ष पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।** |
| निर्णय | : | मासिक पारिश्रमिक पर कार्यरत व्यक्तियों की कार्य अवधि में दिनांक 01.07.2025 से आगामी 01 वर्ष के लिए अभिवृद्धि करने सम्बंधी विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यालय आदेशों की पुष्टि की गई। |
| टेबल एजेण्डा मद संख्या–01 | : | **कोटा विश्वविद्यालय परिसर में अवस्थित कन्या छात्रावास का नामकरण प्रियदर्शिनी इन्दिरा कन्या छात्रावास के स्थान पर वीरांगना हाडी रानी छात्रावास रखे जाने के प्रस्तावों का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | कोटा विश्वविद्यालय परिसर में अवस्थित कन्या छात्रावास का नामकरण प्रियदर्शिनी इन्दिरा कन्या छात्रावास के स्थान पर वीरांगना हाडी रानी छात्रावास रखे जाने के प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। |
| टेबल एजेण्डा मद संख्या–02 | : | **विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 27.11.2025 के कार्यवृत का अनुमोदन करना** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 27.11.2025 के कार्यवृत को अनुमोदित किया गया। |



21/1/2

| | | |
|---|---|---|
| टेबल एजेण्डा मद संख्या–03 | : | **विश्वविद्यालय के खेल मण्डल की 20वीं बैठक दिनांक 22.11.2025 के कार्यवृत का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय के खेल मण्डल की 20वीं बैठक दिनांक 22.11.2025 के कार्यवृत को अनुमोदित किया गया। |
| टेबल एजेण्डा मद संख्या–04 | : | **स्थानीय यात्रा भत्ता एवं उत्तर–पुस्तिकाओं के बण्डल चढ़ाने एवं उतारने हेतु देय भत्ता/मानदेय दरों में वृद्धि करने हेतु प्रस्तावों का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | स्थानीय यात्रा भत्ता एवं उत्तर–पुस्तिकाओं के बण्डल चढ़ाने एवं उतारने हेतु देय भत्ता/मानदेय दरों में वृद्धि करने हेतु प्रस्तावों को विश्वविद्यालय की वित्त समिति में रखा जाये तथा वित्त समिति की अनुशंषाओं को आगामी प्रबन्ध मण्डल की बैठक में रखे जाने की अनुशंषा की गई। |
| टेबल एजेण्डा मद संख्या–05 | : | **विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार में नवीन/पूर्व संचालित महाविद्यालयों से विभिन्न पाठ्यक्रमों की नवीन सम्बद्धता/ सम्बद्धता में अभिवृद्धि/ स्थायी सम्बद्धता हेतु लिए जाने वाले संबद्धता व निरीक्षण शुल्क के निर्धारण/पुर्ननिर्धारण हेतु गठित समिति की बैठक दिनांक 5.12.2025 की अनुशंषाओं का अनुमोदन करना।** |
| निर्णय | : | विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार में नवीन/पूर्व संचालित महाविद्यालयों से विभिन्न पाठ्यक्रमों की नवीन सम्बद्धता/ सम्बद्धता में अभिवृद्धि/ स्थायी सम्बद्धता हेतु लिए जाने वाले संबद्धता व निरीक्षण शुल्क के निर्धारण/पुर्ननिर्धारण हेतु गठित समिति की बैठक दिनांक 5.12.2025 की अनुशंषाओं को अनुमोदित किया गया। |

अन्त में कुलगुरु महोदय ने सभी माननीय सदस्यों का बैठक में सक्रियता से भाग लेने के लिये आभार व्यक्त किया।

बैठक आसन को धन्यवाद के साथ पूर्ण हुई।

**(प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत)**
कुलगुरु
एवं अध्यक्ष

**(राजपाल सिंह)**
कुलसचिव
एवं सदस्य सचिव